समाचार

स्वच्छता का महाअभियान

वार्ड क्र. 11 में किया गया विशेष साफ–सफाई का कार्य

(निगम के अधिकारी, वार्ड पार्षद व रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी स्वच्छता कार्यो में दी सहभागिता)

(विशेष सफाई कार्यो के साथ ही डोर–टू–डोर पहुंची निगम की टीम, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक)

कोरबा 14 मार्च 2022 – स्वच्छता महाअभियान के दौरान वार्ड क्र. 11 अंतर्गत आने वाले नर्सरी मोहल्ला नई बस्ती के विभिन्न स्थानों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, विशेष साफ–सफाई के कार्य संपादित कराए गए, सफाई कार्यो के साथ–साथ घर–घर पहुंचकर बस्तीवासियों को स्वच्छता में सहयोग देने व सफाई कार्यो के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया गया। वार्ड पार्षद श्री दिनेश सोनी व रोटरी क्लब के सदस्यों ने महाअभियान में अपनी सहभागिता दी तथा साफ–सफाई व जनजागरूकता संबंधी कार्यो में भागीदारी निभाई।

यहॉ उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 10 फरवरी से 31 मार्च तक निर्धारित कार्ययोजना के तहत कोरबा शहर में स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड क्र. 11 अंतर्गत आने वाले नर्सरी मोहल्ला नई बस्ती के विभिन्न स्थानों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव, उत्सर्जित कचरे व मलवे का तुरंत उठाव व परिवहन सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यो को विशेष अभियान के रूप में संपादित कराया गया। वहीं पार्षद दिनेश सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, विक्रम अग्रवाल,

पारस जैन व रोटरी क्लब के सदस्यों ने वार्ड का भ्रमण कर लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया तथा बस्ती, मोहल्ले को साफ–सुथरा रखने, सड़क, नाली में कचरा न फेंकने का आग्रह किया।

हटाया गया अतिक्रमण– निगम अमले द्वारा आज पम्प हाउस छठघाट के पास व गजानंन सांई मंदिर के सामने किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस अंतर्गत स्थित छठघाट के समीप मकान निर्माण कर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था, अतिक्रमण कर दीवाल खड़ी कर ली गई थी, जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही निगम के अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर पहुंचकर जे.सी. बी. के माध्यम से खड़ी की गई दीवालों को हटाया व स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया। इसी प्रकार घंटाघर से बुधवारी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सैलून दुकान लगाकर अवैध कब्जा किया गया था, निगम के अतिक्रमण दस्ते ने उक्त अतिक्रमण को भी आज हटा दिया।